Hindustan (Hindi)

Date: 28.04.17

Page No. 24

# 137 विद्यार्थियों को डिग्री दी गई

समारोह

ट्रांस हिंडन | संवाददाता

मोहननगर के आईटीएस कॉलेज में मुरादनगर आईटीएस डेंटल कॉलेज के छात्रों के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा, वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, मुख्य अतिथि सीसीएसयू के वाईस चांसलर प्रो. एनके तनेजा और आईटीएस डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. विनोद सचदेव ने मां सरस्वती ने की। समारोह में बीडीएस के 90और एमडीएस के 47 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई।

संस्थान के निदेशक ने कहा कि भारतीय दंत चिकित्सक आज केवल देशभर में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुके हैं। इस दौरान बीडीएस की मीनाक्षी और डॉ. निकिता गुलाटी को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया।



आईटीएस कॉलेज में गुरुवार को एक छात्रा को डिग्री देते मुख्य अतिथि। • हिन्दुस्तान

इसके अलावा अमित कुमार तालुकदार और आतिष माथुर, नवनीत कौर और दिषा पांचाल को एकेडमिक और अन्य प्रतिक्रियाओं में रुचि लेने के लिए सम्मानित किया गया। एमडीएस के टॉप पांच छात्रों में डॉ निकिता गुलाटी, डॉ. पारूल मोर, डॉ. दीक्षा वर्मा, डॉ. जैसमिन अरनेजा, डॉ. मनप्रीत खुराना को कैश प्राइज इनाम से सम्मानित किया गया।

# Dainik Jagran

Date: 28.04.17

Page No. II

## डिग्री प्राप्त कर विद्यार्थियों के खिले चेहरे



दीक्षांत सामरोह में छात्रा को डिग्री देते हुए अतिथि

संवाद सहयोगी, मुरादनगर : दिल्ली मेरठ हाईवे स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सीसीएस यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. एनके तनेजा ने बीडीएस के 90 व एमडीएस के 47 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की। डिग्री प्राप्त कर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. एनके तनेजा, कालेज के चेयरमैन डा. आरपी चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, डायरेक्टर डा. विनोद सचदेव एवं प्राचार्य डा. देवीचरण शेट्टी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि प्रो. एसके तनेजा ने कहा भारतीय दंत चिकित्सा पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुकी है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं अपनी इस शिक्षा का उपयोग बिना किसी भेदभाव के पूरी मानवता के साथ करें। जो लोग ईमानदारी से सेवा भाव के साथ काम करते है, उन्हें जीवन में सफलता अवश्य मिलती है। कार्यक्रम में बीडीएस के 90 व एमडीएस के 47 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गईं। डिग्री मिलने पर छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। इसके बाद डा. संजीव कुमार ने बीडीएस और एमडीएस के छात्र-छात्राओं को सेवा भाव से काम करने की शपथ दिलाई। इस दौरान बीडीएस और एमडीएस में विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली छात्रा मीनाक्षी और डा. निकिता गुलाटी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा बीडीएस के छात्र अमित कुमार व आतिश माथुर एवं छात्रा नवनीत कौर व दिशा पांचाल को क्यूरिकुलर एक्टिविटीज मे अच्छे प्रयासों के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एमडीएस के टॉप पांच छात्र डा. निकिता गुलाटी, डा. पारूल मोर, डा. दीक्षा वर्मा, डा. जैसमिन अरनेजा, डा. मनप्रीत खुराना को भी पुरस्कार दिया गया।

Amar Ujala

Date: 29-04-17

Page No. 08

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में दीक्षांत समारोह



गाजियाबाद (ब्यूरो)। आईटीएस डेंटल कॉलेज मुराद नगर (आईटीएस - दी एजुकेशन ग्रुप) में बीडीएस के 12वें तथा एमडीएस के 8वें दीक्षांत समारोह और अलुमिनाई मीट का आयोजन किया गया। शुभारंभ चेयरमैन डॉ. आरपी चड्डा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्डा, मुख्य अतिथि प्रो. एनके तनेजा (वाइस चांसलर- सीसीएसयू) और आईटीएस डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. विनोद सचदेव एवं प्रधानाचार्य डॉ. देवीचरण शेटटी ने किया। दीक्षांत समारोह में बीडीएस के 90 और एमडीएस के 47 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। डॉ. विनोद सचदेव प्रधानाचार्य डॉ. देवीचरण शेट्टी ने छात्रों को बधाई दी। बीडीएस और एमडीएस में विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं डॉ. मीनाक्षी एवं डॉ. निकिता गुलाटी को सम्मानित किया गया।